अमर उजाला
नई दिल्ली | शुक्रवार, 31 मई 2019

एयरपोर्ट टर्मिनल तक मेट्रो को मंजूरी

अमर उजाला ब्यूरो

एक्सप्रेस व सामान्य लाइन एक साथ बनेगी, एयरपोर्ट के साथ ही मेट्रो सेवा होगी शुरू

ग्रेटर नोएडा। नोएडा एयरपोर्ट मेट्रो लाइन को भी यीडा के बोर्ड ने बृहस्पतिवार को मंजूरी दे दी है। नॉलेज पार्क टू से नोएडा एयरपोर्ट टर्मिनल तक के इस रूट पर एक्सप्रेस व सामान्य दोनों मेट्रो एक साथ चलेगी। बोर्ड से अप्रूवल के बाद इसे शासन को भेजा जाएगा। सरकार ही इसकी फंडिंग तय करेगी।

नोएडा एयरपोर्ट टर्मिनल मेट्रो की डीपीआर डीएमआरसी ने तैयार की थी, जिस पर यीडा के बोर्ड ने भी मुहर लगा दी। नोएडा एयरपोर्ट लाइन को एक्वा लाइन (नोएडा-ग्रेनो मेट्रो) के नॉलेज पार्क टू स्टेशन से जोड़ा जाएगा। यहां से एयरपोर्ट टर्मिनल तक मेट्रो की कुल लंबाई 35.64 किलोमीटर होगी। इसमें 32.27 किलोमीटर एलिवेटेड और 3.37 किलोमीटर भूमिगत होगी। इस रूट पर 25 स्टेशन होंगे। इस पर करीब 6969 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इसमें दो लाइन बनेगी। एक्सप्रेस लाइन सीधे एयरपोर्ट जाएगी, जबकि सामान्य लाइन यमुना सिटी के सेक्टरों में रुकते हुए जाएगी। डीपीआर में बताया गया है कि मेट्रो फायदे का सौदा तो नहीं होगी, लेकिन प्रस्तावित नोएडा एयरपोर्ट के लिए इसे बनाना जरूरी है। यमुना प्राधिकरण के सीईओ डॉ. अरुणवीर सिंह ने बताया कि डीपीआर को बोर्ड ने पास कर दिया। अब इसे शासन को भेजा जाएगा। शासन ही इसकी फंडिंग तय करेगा, क्योंकि इसमें कुछ हिस्सा ग्रेटर नोएडा का भी है।

ईस्टर्न पेरिफेरल और यमुना एक्सप्रेसवे जुड़ेंगे

यमुना एक्सप्रेसवे और ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे को आपस में जोड़ने को यीडा ने मंजूरी दे दी है। साथ ही 83.94 करोड़ रुपये का बजट पास कर दिया है। यह 18 महीने में बनकर तैयार हो जाएगा। यह इंटरजेंच यमुना एक्सप्रेसवे पर परी चौक की तरफ से जीरो प्वाइंट से करीब 9.5 किलोमीटर पर बनेगा। इसमें चार लूप और आठ रैंप बनाए जाएंगे।

3684 करोड़ का बजट पास

मेट्रो व नोएडा एयरपोर्ट के लिए 950 करोड़

गांवों के विकास पर खर्च करेगा 103 करोड़

ग्रेटर नोएडा। यीडा ने वित्तीय वर्ष 2019-20 के लिए 3684 करोड़ रुपये का बजट पास कर दिया है, जिसमें से नोएडा एयरपोर्ट को 450 करोड़ और मेट्रो व मल्टी मॉडल कनेक्टिविटी के लिए 500 करोड़ का प्रावधान किया है। इसके अलावा 103 करोड़ रुपये गांवों के विकास पर खर्च होंगे।

यीडा की बृहस्पतिवार को हुई 65वीं बोर्ड बैठक में बजट पास कर दिया गया। इस बार 3684 करोड़ रुपये का बजट पास किया गया है। यह पिछले वर्ष से 2298 करोड़ रुपये बजट था। 2019-20 का बजट पिछले साल के बजट से 1385 करोड़ रुपये अधिक है। वहीं, वित्तीय वर्ष 2019-20 में प्राधिकरण ने 2223 करोड़ रुपये राजस्व वसूली का लक्ष्य रखा है। पिछले साल 1359 करोड़ की राजस्व वसूली हुई थी।

प्राधिकरण अब करीब 1700 करोड़ रुपये के कर्ज में है। यह पहले की तुलना में आधा रह गया है। पिछले वित्तीय वर्ष में सिर्फ 350 करोड़ का कर्ज लिया गया। प्राधिकरण के सीईओ डॉ अरुणवीर सिंह ने बताया कि अगले एक साल में यह कर्ज खत्म हो जाएगा। बजट बैठक में 103 करोड़ रुपये गांवों के विकास के लिए तय किया गया है।

इस पर बोर्ड ने सहमति जता दी है। नोएडा एयरपोर्ट के लिए 450 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। यह पैसा प्राधिकरण अपनी हिस्सेदारी के एवज में देगा। इसके अलावा मेट्रो व मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी के लिए 500 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है, ताकि इन कार्यों को जल्द शुरू किया जा सके। प्रेसवार्ता में यीडा के ओएसडी शैलेंद्र भाटिया भी मौजूद रहे। ब्यूरो